हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 मई 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 शिक्षक महेत्तर देवांगन उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित



14 शुरू हुआ घर-घर कचरा कलेक्शन ...



## खबर संक्षेप

### रात 10 बजे के बाद बजने वाले डीजे होंगे जब्त

**मुड़पार-सरसीवां।** जिला प्रशासन ने रात 10 बजे के बाद बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त करने की कार्रवाई का एलान किया है। जिले में 16 मार्च से ध्वनि कोलाहाल नियंत्रण के अंतर्गत रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित है। प्रतिबंध के बावजूद ऐसे कानून के उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किसी समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति होने के बाद भी रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक कोलाहाल प्रतिबंधित रहेगा। ऐसी स्थिति में अनुमति और बिना अनुमति दोनों परिस्थिति में रात्रि 10 बजे से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध है। इस प्रकार की जिले में घटना होने पर 112 की टीम को कॉल कर डीजे या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र को बंद करा सकते हैं। कार्यपालिक दंडाधिकारी की टीम द्वारा किसी डीजे आदि को जब्त किया जायेगा तो वह नियम के साथ 4 जून तक आदर्श आचरण संहिता का भी नियम में भी स्वमेव जुड़ जाएगा।

### बाइक एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में बाइक के मवेशी से टकरा जाने से एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी में बाइक क्र सीजी 06 जीवी 1688 के मवेशी से टकराने से वाहन चालक राम कुमार की मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे भगवत सिंह को चोटें आई। पुलिस ने मामले में धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

**कार्रवाई :** नदी के तट पर 9 ट्रिप रेत भी डंप पाया

# मोहान घाट पहुंची प्रशासन की टीम, नदी में रेत निकासी के लिए बनाएं मार्ग को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहान में लगातार हो रहे अवैध रेत निकासी संबधी शिकायतों की जांच करने एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, जहां महानदी के भीतर एक अस्थाई मार्ग रेत से बना देखा गया। जिसे ग्रामीणों, सरपंच, पंच, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सचिव, पटवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में जेसीबी बुलाकर तोड़ा गया। सरपंच ने बताया कि उक्त अवैध घाट से रेत निकालने का कार्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है।

इस कार्य में ग्राम बोदा एवं मोहान के कुछ ग्रामीणों द्वारा बढ़ावा एवं संरक्षण देने की बात कही है। नदी से रेत निकालने बकायदा पुल एवं सड़क का निर्माण कराया गया है, जिससे यह बात स्पष्ट होती है कि माइनिंग विभाग की कार्रवाई खानापूर्ति है। नदी के तट पर 9 ट्रिप हाईवा भी डंप पाया गया है। जिसे सरपंच के सपुर्दगी में दिया गया है। साथ ही साथ एसडीएम द्वारा सरपंच, उपसरपंच एवं सचिव, पटवारी को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उक्त कार्रवाई पलारी एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में की गई। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### खनिज विभाग की केंद्रीय व जिले की संयुक्त टीम ने पकड़ी चेन माउंट

**मुड़पार-सरसीवां।** छत्तीसगढ़ खनिज विभाग के केंद्रीय उड़नदस्ता और जिला दल की संयुक्त टीम ने सारंगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में प्रातः 5 बजे छापामार कार्रवाई की।



इस आकस्मिक निरीक्षण में मौका स्थल पर अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 1 चैन माउंट मशीन होना पाया गया। मौका स्थल में भंडारित खनिज रेत के संबंध में उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि जब्त मशीन कृष्णा राजपूत की है, जिसे जब्त कर थाना प्रभारी कोसीर थाना के सुपुर्दगी में सौंपी गई। जांच टीम में निरीक्षण के दौरान डिप्टी डायरेक्टर बीके चंद्राकर के नेतृत्व में खनिज अधिकारी अवधेश बारीक, अनिल साहू, सहायक खनिज अधिकारी रोहित साहू, राहुल गुलाटी, सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा, खनिज निरीक्षक जागृत गायकवाड़, भूपेंद्र भक्त, दीपक पटेल, अनुराग नंद, विवेक वाणी, प्रहलाद देवांगन, दिनेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# संयंत्र ने सीमेंट ट्रांसपोर्ट संगठन की शर्तें मानीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री सीमेंट संयंत्र ने ट्रांसपोर्ट संगठन की मांग पर हमल करते हुए उनकी शर्तें मान ली है। मांग पूरी करने पर संघ ने संयंत्र के प्रति आभार जताया है। विदित हो कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला की अगुवाई में बैठक कर बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ सीजी बलकर संघ एवं रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के समर्थन पर श्री सीमेंट संयंत्र के सभी प्रकार का परिवहन कार्य बंद करने 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। जिससे कंपनी प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मध्य शुक्रवार को समझौता हुआ और कंपनी प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग अनुसार 175000 टन प्रतिमाह सड़क मार्ग से कलिंकर का डिस्पैच देने तथा बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ की गाड़ियों को डिस्पैच में 25 प्रतिशत डिस्पैच पर प्राथमिकता दिए जाने सहमति एवं आश्वासन दिया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

- अब बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ को 25 प्रतिशत की क्लिंकर डिस्पैच में प्राथमिकता मिलेगी

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

SHRIRAM HOSPITAL
Founded on faith, focused on health

CELEBRATING 2 Years ANNIVERSARY on 19-05-2024




निशुल्क ओ.पी.डी तीन दिवसीय

आयुष्मान भारत, विद्युत विभाग (CSPC), ESIC एवं समस्त बीमा कंपनी (TPA) से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध

Camp Date:
17th-18th-19th May 2024
Friday / Saturday / Sunday
Timing: 9 AM to 2 PM

- रक्त जांच पर 50% की छूट
- शुगर, बीपी, ईसीजी फ्री
- टीएमटी 50%
- सीटी स्कैन, एक्स-रे 50%
- एंडोस्कोपी @1000 Rs.
- सर्जरी पर 25% की छूट
- निःशुल्क नेत्र जांच

17TH MAY 2024
ECHO, TMT, ECG
50% Discount

18TH MAY 2024
BMD Test
Neuropathy Detection Test

Dr Rajkumar BARANWAL
MBBS, MD (Medicine)
हर महीने के दूसरे रविवार

DR. SHRAWAN KUMAR
MBBS, DNB (Medicine)
प्रतिदिन उपलब्ध

DR. SAKET MEHTA
MBBS, DCH (Paediatrics)
प्रतिदिन उपलब्ध

DR. NM SOREN
MBBS DNB (Orthopedics)
(Ex Consul. SHALBY HOSPITAL)
प्रतिदिन उपलब्ध

DR. THANIGAI SHAKTHI VADIWEL
MBBS, MS(General surgeon)
(FIAGES, FMAS)
प्रतिदिन उपलब्ध

DR. PAYAL GOEL
MBBS, MS (OPTHALMOLOGY)
प्रतिदिन उपलब्ध

DR. AISHWARYA BARANWAL
PHYSIOTHERAPIST
प्रतिदिन उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं
- डायलिसिस • एन.आई.सी.यू. • ई.सी.जी. • एम.आई.सी.यू.
- ईको • पी.आई.सी.यू. • टी.एम • पैथोलॉजी लैब
- सोनोग्राफी • सुइट रुम • सी.टी. स्कैन • डीलक्स रुम
- डिजिटल एक्स-रे • प्राईवेट रुम • एण्डोस्कोपी • सेमी प्राईवेट रुम
- आई.सी.यू., वेन्टीलेटर • मेडिकल स्टोर • मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
- जनरल वार्ड • ट्रॉमा यूनिट, आपातकालीन • बर्न एवं आइसोलेशन वार्ड

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध

श्री राम हॉस्पिटल

98513 22220, 95513 22220 लिमाही, रायपुर रोड, बलौदाबाजार

खबर संक्षेप

## चंद्रदेव को मिली शिमला की दून विधानसभा की ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी



गिधौरी। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का मतदान चरम पर है। कांग्रेस ने पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें शिमला लोकसभा चुनाव में दून विधानसभा के लिए ऑब्जर्वर बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में अब चुनावी कमान राय सम्भालेंगे। शिमला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

## रेन सिन कान कराटे जोनल ट्रेनिंग कैंप में गोवा के लिए चयनित खिलाड़ी



रायपुर। रेन सिन कान कराटे जोनल ट्रेनिंग कैंप और बेल्ट एग्जाम में सेमरिया रायपुर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए छग कराटे फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सेंसाई रमाकांत एस. मिश्र ने बताया कि तखतपुर में हुई स्पर्धा में बिलासपुर, मुंगेली, महासमुंद, कोरबा, रायपुर, जांजगीर-चांपा आदि जिलों के 150 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जहां चयनित विद्यार्थियों को आगामी 19 मई को गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट में भेजा जाएगा। ग्रेडिंग परीक्षा में सेमरिया रायपुर के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। स्पर्धा में कराटे प्रशिक्षक संदीप साहू, राज कपूर गेंदारे, नेमस साहू, बहोरन वर्मा, अनुराधा गिरी, पायल वर्मा, अंजलि गिरी, सोनी कर्ष, भोजराज साहू, गणेश कुमार, विवेक मरकाम एवं सागर जायसवाल ने प्रशिक्षण प्रदान करने में विशेष भूमिका निभाई।

### गड़बड़ी : मेट ने मस्टररोल में अपने रिश्तेदारों का फर्जी नाम जोड़ा

# मनरेगा के मस्टररोल में मजदूरों के फर्जी नाम की ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महराजी में मनरेगा के कार्य में मेट द्वारा गड़बड़ी किये जाने का मामला सामने आया है। इस पर सरपंच और सभी पंचों ने जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत महराजी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के तहत भूमि सुधार कार्य मेट कु. गनपति कर्ष पिता गुहाराम कर्ष द्वारा कराया जा रहा है। मेट कुमारी गनपति द्वारा मस्टर रोल में फर्जी हाजरी डालकर पैसा का गबन किया जा रहा है। चंदन सिंह पिता जसपाल सिंह और उसकी पत्नी सुखबाई पति चंदन सिंह ये दोनों करीब दो माह से पलायन हैं। गुहाराम पिता नारायण और उसकी पत्नी मुन्नीबाई पति गुहाराम ये दोनों मेट गनपति के माता-पिता हैं। ग्राम पंचायत सुकली निवासी संतोष कुमार पिता ननकी दौवा एवं रामकुमारी पति संतोष कुमार के नाम से मस्टर रोल में फर्जी हाजरी डाली गई है।



फाईल फोटो

जांच में और कई फर्जी नाम सामने आने की संभावना जतायी जा रही है। सरपंच लक्ष्मीन बाई कर्ष ने बताया मेट को कभी किसी मस्टर रोल में मेरे सील मुहर की जरूरत नहीं पड़ी। वहीं पंच पति मधुप विष्णु रजक ने कहा कि फर्जी काम करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और लोगों के मन में मेट के प्रति गुस्सा है। साथ में गांव के कई लोग शिकायत करने पहुंचे थे, जिनमें विश्वनाथ पैकरा, पंच राजू साहू, हेतराम साहू, द्रोण पैकरा, मिलसिंह पैकरा आदि शामिल थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जनप्रतिनिधियों ने जल्दी से जांच कर दोषी मेट के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

## ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया डेंगू दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में 16 मई डेंगू दिवस के रूप में मनाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डेंगू नियंत्रण के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें मितानिन द्वारा दीवाल में डेंगू संबंधित नारा लेखन, रंगोली, आईसी वितरण, इकट्ठा हुए पानी अथवा नाली में मिट्टी तेल का छिड़काव इत्यादि गतिविधि के तहत लोगों को जागरूक किया गया। एक जगह में जमा हुए पानी में मच्छर के जनन होने की संभावना अत्यधिक होती है, इसलिए समय–समय पर मिट्टी तेल व कीटनाशक का छिड़काव करते रहे एवं सोने के समय मच्छर रोधी अगरबत्ती अथवा मच्छरदानी का प्रयोग करें।

यदि समुदाय में किसी को बुखार आता है, तो उसे हल्के में न ले और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इसकी जांच एवं उपचार कराये। इसके अतिरिक्त ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू दिवस मनाने के समाचार हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास नायक, आकाश सिदार एसटीएस, अविनाश देवांगन लैब टेक्नीशियन, महेंद्र बंजारे लैब टेक्नीशियन, विजेंद्र लहरे आरएचओ, अंबिका ध्रुव काउंसलर के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## शुरू हुआ घर-घर कचरा कलेक्शन ...




पलारी। जिला पंचायत सीईओ बलौदाबाजार दिव्या अग्रवाल, जनपद पंचायत पलारी सीईओ रोहित नायक के निर्देश में ब्लाक के ग्रामों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू हो गया। ग्राम पंचायत घिरघोल के महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा गली घर में जा कर ठोस अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र करने का काम चालू हो गया है।

# लकवा पीड़ित युवक को मदद की दरकार, भीख मांगने है बेजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

मेहनतकश तथा खुद्दारी से जीवन जीने वाला इंसान आज भीख मांगकर जीवन यापन करने मजबूर हैं।

नगर पंचायत रोहांसी निवासी 45 वर्षीय प्रेमलाल साहू जो 20–25 वर्षों से रायपुर के एक कंपनी में काम करता था। इस दौरान उनकी शादी हुई और पुत्र भी हो गए। प्रेमलाल अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन समय की मार प्रेमलाल को अपंग बना दिया। दर असल वह काम करते समय उनके साथ हादसा हो गया और वह पैरालाइसिस का शिकार हो गया। इसके बाद से उनकी जिंदगी बदल गई। लकवा ग्रस्त प्रेमलाल साहू जो कुछ काम नहीं कर सकता, अपने मूल गांव रोहांसी आ गया।



### परिवार ने मुंह मोड़ा तो सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिला

प्रेमलाल साहू लकवा ग्रस्त होने के बाद उनका सिर्फ एक हाथ ही काम कर रहा है, जिससे वह भीख मांगता है। अत्यंत गरीब प्रेमलाल के असहाय होने बाद जीवन संगिनी का भी सहारा नहीं मिल रहा। उनकी पत्नी दो बेटों के साथ रायपुर में रहती है। वहीं प्रेम लाल संपत्ति के नाम पर 10-10 के एक कमरे के मकान में अकेले रहकर अपने जीवन के दिन गिन रहा है। वही पात्र होने पर भी सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। प्रेमलाल ने बताया कि शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जैसे आवास, राशन कार्ड, विकलागंता पेंशन, ट्रायसिकल के लाभ से वंचित है। जनप्रतिनिधि से लेकर कलेक्टर तक आवेदन दे देकर थक चुके हैं, लेकिन हर योजना से महरूम है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HAPPY 12TH ANNIVERSARY
सुमीत बाजार TM
भाटापारा
12 वर्षों का शानदार सफर
ऑफर 8 से 19 मई तक



OFFER ₹212
बाजार मूल्य ₹570 प्रति पीस वाला — जल मटका 5000 ml. प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹199 प्रति पीस वाला — गर्ल्स टीशर्ट 2 से 14 वर्ष के गर्ल्स के लिये 3 पीस
बाजार मूल्य ₹199 प्रति पीस वाला — ब्लाऊज रेडीमेड होजियरी 3 पीस
बाजार मूल्य ₹295 प्रति पीस वाला — मेन्स टीशर्ट सभी साईज में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹389 प्रति पीस वाला — सिंगलबेड बेडशीट पैंकिग बेडशीट + पिलोकव्हर प्रति पीस

OFFER ₹312
बाजार मूल्य ₹225 प्रति पीस वाला — शॉपिंग बैग फैंसी लेडिस 2 पीस
बाजार मूल्य ₹595 प्रति पीस वाला — ए-लाईन कुर्ती सभी साईज में प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹495 प्रति पीस वाला — जरी पट्टा साड़ी आकर्षक प्रिंट में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹1199 प्रति पीस वाला — मेन्स शर्ट सभी साईज में प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹455 प्रति पीस वाला — बेडशीट किंग साईज बेडशीट + पिलोकव्हर प्रति पीस

OFFER ₹412
बाजार मूल्य ₹1099 प्रति पीस वाला — कैरेट ज्यूसर प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹795 प्रति पीस वाला — सूटपीस आकर्षक प्रिंट एवं डिजाईन्स में प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹799 प्रति पीस वाला — क्रेप साड़ियाँ फैंसी विथ बार्डर प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹899 प्रति पीस वाला — मेन्स फार्मल पेंट सभी साईज में प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹649 प्रति पीस वाला — कम्फर्टर विथ बैग आकर्षक डिजाइन्स में प्रति पीस

OFFER ₹512
बाजार मूल्य ₹1038 प्रति पीस वाला — डफल बैग प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹495 प्रति पीस वाला — फ्रॉक कुर्ती सभी साईज में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹799 प्रति पीस वाला — साड़ियाँ प्योर आर्गेन्जा प्रति पीस
बाजार मूल्य ₹599 प्रति पीस वाला — मेन्स लोअर सभी साईज में उपलब्ध 2 पीस
बाजार मूल्य ₹1549 प्रति पीस वाला — ए.सी. ब्लांकेट डबलबेड प्रति पीस

₹295 प्रति पीस वाला गाउन Imported Lycra मात्र ₹12 में ले जाइए
प्रतिदिन सिर्फ पहले 200 ग्राहकों के लिए
प्रति व्यक्ति प्रति ग्राहक 1 पीस
नियम व शर्तें लागू, ऑफर स्टॉक रहने तक
ONLY AT : सिटी सेंटर, भाटापारा
ऑफर अंतिम 2 दिन